# अग्रवाल महाविद्यालय के अर्थशास्त्र, प्रबंध और वाणिज्य विभागों द्वारा दो-दिवसीयराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

By **Jantantratoday** May 9, 2023 2

**फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे**

अग्रवाल महाविद्यालय में चेंजिंग सिनेरियो आफ इंटरनेशनल ट्रेड गेन्स एंड चैलेंजिस फॉर इंडिया विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह राष्ट्रीय सम्मेलन (**आईसीएसएसआर**) भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा अनुमोदित था। उद्घाटन समारोह के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि की भूमिका प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस न्यू दिल्ली ने निभाई। इन्होंने देश के आर्थिक इतिहास के बारे में भी बताया तथा नवप्रवर्तन के विषय
पर गहन चिंतन की आवश्यकता को जताया।

समारोह में अध्यक्ष के रूप में अग्रवाल महाविद्यालय, प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत जी उपस्थित रहे तथा मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर ज्योति राणा श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी पलवल रही। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय व्यापार के महत्व को बताया तथा उन्होंने भारत के कुल आयात और कुल निर्यात का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती आराधना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सम्मेलन में प्राचार्य द्वारा सभी अतिथियों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी ने बाहर से
आए हुए विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा अंतरराष्ट्रीय व्यापार के बदलते हुए स्वरूप के बारे में चर्चा की और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के फलस्वरूप होने वाले विभिन्न फायदे व चुनौतियों के बारे में भी बताया। उद्घाटन सत्र में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनोज शुक्ला जी ने कार्यक्रम की थीम प्रस्तुत करते हुए अंतरराष्ट्रीय व्यापार से भारत के होने वाले विभिन्न लाभों और चुनौतियों के बारे में बताया तथा यह भी बताया कि किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार कितना महत्वपूर्ण हैं। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020: चैलेंजिस एंड अपॉर्चुनिटी शीर्षक बुक का विमोचन भी किया गया।

सम्मेलन में प्रथम दिन बड़ी संख्या में लोगों ने पंजीकरण करवाया। इस सम्मेलन में प्रथम दिन कुल 4 तकनीकी सत्र रहे। जिसमें द्वितीय सत्र में अध्यक्ष के रूप में डॉ. लक्ष्मी गुप्ता, सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल रही। इस सत्र में आमंत्रित वार्ता डॉ. मीनाक्षी गुजराल, के.आर. मंगलम यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम जिनकी वार्ता का विषय था रिवॉल्यूशनाइजिंग ग्लोबल ट्रेड टेक्नोलॉजी एंड इन्नोवेशन रहा। सम्मेलन के तृतीय सत्र के अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी रहे तथा आमंत्रित वार्ता के रूप में भूमिका डॉ. अमित शर्मा, गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, द्वारका न्यू दिल्ली ने निभाई। जिनका विषय था ट्रेड इशू ऑफ इंडिया चैलेंज फॉर एक्सपोर्टर्स । इस सत्र में दूसरी आमंत्रित वार्ता डॉ. सत्यबीर सिंह, जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल द्वारा दी गई। जिनका विषय था एक्सपोर्ट प्रमोशनस इंपैक्ट ऑन एक्सपोर्ट: एक केस स्टडी ऑफ इंडिया। चौथे सत्र के अध्यक्ष डॉ. सत्यबीर सिंह रहे। इस सत्र में डॉ. सपना बंसल, बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी, रोहतक द्वारा आमंत्रित वार्ता दी गई। जिनका विषय था **चेंजिंग सिनेरियो ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड: गेन्स एंड चैलेंजिस फॉर इंडिया**।

इसी सत्र में दूसरी आमंत्रित वार्ता डॉ. पारुल खन्ना, आईएमटी ,फरीदाबाद द्वारा दी गई । जिनका विषय था एन ओवरव्यू ऑफ चेंजिंग सिनेरियो ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड: गेन्स एंड अपॉर्चुनिटी फॉर इंडिया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन का प्रथम दिन सफल रहा । इस सम्मेलन में संयोजक की भूमिका में डॉ. मनोज शुक्ला जी रहे तथा सह संयोजक डॉ. उषा चौधरी रहीं तथा आयोजन सचिव की भूमिका डॉ. शिल्पा गोयल ने निभाई।